# !! छात्रवृत्ति सम्बन्धी सूचना !!

प्रमुख सचिव, समाज कल्याण अनुभाग–3 उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या–92/2026/1940/26–3–2026–1513982 दिनांक 20.07.2026 द्वारा शैक्षिक सत्र 2026–27 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक वर्ग हेतु पूर्वदशम (कक्षा 9–10) तथा दशमोत्तर (कक्षा 11 एवं 12) कक्षाओं के छात्र/छात्राओं के छात्रवृत्ति आवेदनों हेतु निम्नवत् समय सारणी निर्गत की गई है–

## नवीनीकरण (**Renewal**)

| | विवरण | समयावधि |
|---|---|---|
| 1 | छात्रवृत्ति हेतु आनलाइन नवीनीकरण किया जाना | 25 अगस्त 2026 तक |
| 2 | आवेदन की हार्ड कापी समस्त वांछित संलग्नको सहित संस्था में किया जाना | 25 अगस्त 2026 तक |
| 3 | संस्था द्वारा आनलाइन बायोमैट्रिक सत्यापन एवं अग्रसारित किया जाना | 30 अगस्त 2026 तक |

## नवीन आवेदन(**Fresh**)

| | विवरण | समयावधि |
|---|---|---|
| 1 | छात्रवृत्ति हेतु आनलाइन आवेदन किया जाना | 21 सितम्बर 2026 तक |
| 2 | आवेदन की हार्ड कापी समस्त वांछित संलग्नको सहित संस्था में किया जाना | 05 अक्टूबर 2026 तक |
| 3 | संस्था द्वारा आनलाइन बायोमैट्रिक सत्यापन एवं अग्रसारित किया जाना | 15 अक्टूबर 2026 तक |

समस्त छात्र/छात्रा छात्रवृत्ति हेतु अपने आनलाइन आवेदन बेबसाइट https://scholarship.up.gov.in/ के माध्यम से करना सुनिश्चित करें। आनलाइन आवेदन किए जाने से पूर्व छात्र/छात्रा अपने जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, बैंक खाता, इत्यादि आवश्यक अभिलेख तैयार करा लें एवं ऐसे छात्र/छात्रा जिनके बैंक खाता न खुला हो, वे आवश्यक पत्रजात के साथ कार्यालय से सम्पर्क करें। छात्रवृत्ति आनलाइन आवेदन में लगने वाले आय प्रमाण पत्र छात्र/छात्रा के पिता का एवं पिता के न होने की स्थिति में माता का तथा माता–पिता दोनो के न होने की दशा में संरक्षक का मान्य होगा । आवेदन करने हेतु अन्तिम तिथि का इन्तजार न करें। छात्रवृत्ति सम्बन्धी अन्य समस्त सूचनाओं हेतु श्री शिवेन्द्र प्रकाश (नोडल–छात्रवृत्ति) से सम्पर्क कर लें। बायोमेट्रिक सत्यापन हेतु श्री संजीव कुमार सिंह (पी0टी0ए0 शिक्षक) को अधिकृत किया जाता है।

अतः उक्तानुसार समस्त छात्र/छात्राएं समयान्तर्गत आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

का0 प्रधानाचार्य
छितौनी इण्टर कालेज,
छितौनी–कुशीनगर

**छितौनी इण्टर कालेज, छितौनी,कुशीनगर।**

ईमेल:principalcic1053@gmail.com मोबाइल: 9919469930 विद्यालय कोडः 1053 बेबसाइटः www.cickushinagar.in

पृ0सं0/ मेमों /2026–27 दिनांक 25 जुलाई 2026

प्रतिलिपि–निम्नवत् को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– जिला विद्यालय निरीक्षक, कुशीनगर ।

2– समस्त कक्षाध्यापक (कक्षा–9 से 12 ) को इस निर्देश के साथ कि उक्तानुसार छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति आवेदन की समय सारणी से अवगत करावें।

3– श्री शिवेन्द्र प्रकाश स0अ0/नोडल–छात्रवृति, को इस आशय के साथ प्रेषित कि समस्त कार्यवाही समयान्तर्गत सुनिश्चित करें, किसी भी प्रकार की असुविधा में तत्काल अधोहस्ताक्षरी को अवगत करावें।

4– श्री संजीव कुमार सिंह (पी0टी0ए0 शिक्षक) को समयान्तर्गत कार्यवाही हेतु अनुपालनार्थ।

5– सूचना पट्ट/प्रभारी मीडिया सेल को इस निर्देश के साथ कि उक्त सूचना को संस्था बेबसाइट www.cickushinagar.in पर अपलोड करें।

Digitally signed by
AKASH KUMAR SINGH
Date: 25-07-2026
13:18:47

( आकाश कुमार सिंह )
का0 प्रधानाचार्य
छितौनी इण्टर कालेज,
छितौनी–कुशीनगर